# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय
## लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या : 8/974 / सम्बद्धता अनु./2020

दिनांक : 15.07.2020

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

सेवा में,

प्रबन्धक,
बलराम कृष्ण एकेडमी,
अतरौली, मोहनलालगंज, लखनऊ।

महोदय,

कृपया स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों की स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने विषयक प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण आख्या दिनांक 02.07.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पूर्व से संचालित संदर्भित पाठ्यक्रमों की स्थायी सहयुक्तता हेतु गठित निरीक्षण मण्डल की प्राप्त स्थलीय निरीक्षण आख्या में प्राप्त संस्तुतियों एवं महाविद्यालय के प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में कार्य परिषद की बैठक दिनांक 15.07.2020 के मद संख्या : 01(02) द्वारा बी0ए0 (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, एम0आई0एच0, भूगोल व शिक्षाशास्त्र) पाठ्यक्रम में 420 सीटों सहित एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम में 60 सीटों सहित सत्र 2020–21 से स्थायी सहयुक्तता अधोलिखित शर्तों के अधीन प्रदान कर दी गयी है :–

1. समय–समय पर उ0प्र0 शासन व विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।
2. प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उनके वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जायेगा।
3. महाविद्यालय की वेबसाईट तथा विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर प्राचार्य व प्रवक्ताओं का पूर्ण विवरण प्रत्येक दशा में अपलोड किया जायेगा।
4. महाविद्यालय द्वारा छात्र/शिक्षकों का अनुपात बनाये रखा जायेगा।
5. संस्थान द्वारा प्रवेश व परीक्षा आदि के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. गार्ड फाईल।

कुलसचिव